an>

Title: Need to revive closed sugar and jute mills in Siwan district of Bihar.

**श्री ओम प्रकाश यादव (सीवान) :** बिहार राज्य के जनपद सीवान में पिछले कई वर्षों से रोजगार के अवसर उपलब्ध नहीं होने से बेरोजगारों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। जनपद सीवान में तीन चीनी मिलें और जूट मिल विगत कई वर्षों से बंद पड़ी हैं। स्थानीय तौर पर इन मिलों को चालू कराने हेतु आंदोलन और धरना प्रदर्शन हो चुके हैं परंतु अभी तक उपरोक्त मिलों को चालू नहीं किया गया है। मेरा संसदीय क्षेत्र सीवान चीनी उत्पादन में बिहार के अग्रणी जिलों में से रहा है। तीनों चीनी मिलें बंद होने से स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है जिससे बेरोजगारों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। किसानों को अपना गन्ना पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश की चीनी मिलों में ले जाना पड़ता है। इससे किसानों को अधिक भाड़ा और समय बर्बाद करना पड़ता है। इस नुकसान के कारण किसानों ने गन्ने की पैदावार कम कर दी है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि बंद चीनी मिलों और जूट मिल को पुनः चालू किया जाए, जिससे बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध हो सके और गन्ना किसानों को अपने गन्ने का उचित मूल्य मिल सके ताकि सीवान जिले का विकास हो सके।